हिंदी साप्ताहिक

द पब्लिक मैटर

संपादक : जीवन सिंह चपांवत से प्रकाशित PRGI No.UAHIN/26/A5401

● वर्ष - 01 ● अंक-18 ● चपांवत ● सोमवार 26 अक्टूबर 2026 ● पृष्ठ-4 ● मूल्य: 1/- रूपया

जनमांगों पर त्वरित कार्रवाई, लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1.52 करोड़ रुपये के तीन सड़क कार्यों को स्वीकृति'

मुख्यमंत्री के निर्देशों जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम में प्राप्त मांगों के समाधान को मिली गति'

'२.४ किलोमीटर मार्गों के निर्माण एवं सुधार से ग्रामीणों का सफर होगा आसान, शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच होगी बेहतर'

. द पब्लिक मैटर ब्यूरो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर सड़क सुविधाएं पहुंचाने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड शासन ने राज्य योजना के अंतर्गत जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में कुल 151.50 लाख रुपये की लागत के तीन सड़क कार्यों को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों से पाटी एवं लोहाघाट विकासखंड के संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क सुदृढ़ होगा और स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।



. मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में संचलित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के तहत आमजन से प्राप्त मांगों पर जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाई गई। लोक निर्माण अनुभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार स्वीकृत तीनों कार्यों में कुल 2.4 किलोमीटर लंबाई के मार्गों का निर्माण, डामरीकरण एवं सुधारीकरण किया जाएगा।

स्वीकृत कार्यों में पाटी ब्लॉक के ढोलीगाँव पारस रिखोली मोटर मार्ग के किलोमीटर 3 में 1 किलोमीटर लंबाई में डामरीकरण एवं सुधारीकरण हेतु 69.85 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस कार्य से मार्ग की दशा में सुधार होगा तथा ग्रामीणों को दैनिक आवाजाही में सुविधा मिलेगी।

वहीं, मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत विकासखंड लोहाघाट में एसएच 10 से ढीक तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य, द्वितीय चरण, स्टेजख्1 हेतु 20.31 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इस कार्य की लंबाई 0.675 किलोमीटर है। मार्ग निर्माण से संबंधित क्षेत्र की संपर्क सुविधा बेहतर होगी और ग्रामीणों की आवाजाही आसान बनेगी।

इसके अतिरिक्त राज्य योजना 2026ख्27 के अंतर्गत विकासखंड लोहाघाट में छमनिया चौड़ से सातखाल तक 0.725 किलोमीटर लंबाई में डामरीकरण एवं सुधारीकरण हेतु 61.34 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे स्थानीय लोगों को अधिक सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सकेगी।

इन सड़क कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को ऊबड़-खाबड़ मार्गों पर आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी। बेहतर सड़क सुविधा से विद्यार्थियों को विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्रों तक ले जाने तथा किसानों को अपनी कृषि एवं उद्यान उपज बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही यात्रा में लगने वाले समय और वाहनों के रखरखाव के खर्च में कमी आने की संभावना है। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुगम होने के साथ स्थानीय व्यापार एवं स्वरोजगार की गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

शासनादेश के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में व्यय हेतु प्रारंभिक रूप से प्रत्येक कार्य के लिए 10 हजार रुपये, अर्थात तीनों कार्यों के लिए कुल 30 हजार रुपये अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। कार्यों के क्रियान्वयन में निर्धारित तकनीकी मानकों, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।इन कार्यों की स्वीकृति जनमांगों को धरातल पर उतारने और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सहूलियत बढ़ेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड की ,ऐतिहासिक /धरोहरों का हो रहा पुनरुद्धार चंपावत स्थित 800 साल पुराने राजबुंगा किले का 4-91 करोड रुपये से होगा जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण'

'ऐतिहासिक राजबुंगा किले को प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करेगी राज्य सरकार, संग्रहालय, एम्फीथिएटर, आर्ट गैलरी और कैफे का होगा निर्माण'

द पब्लिक मैटर ब्यूरो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच के अंतर्गत उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में चंपावत स्थित लगभग 800 वर्ष पुराने ऐतिहासिक राजबुंगा किले के पुनरुद्धार और सौंदर्यकरण की एक बृहद योजना तैयार की गई है।

'चंद राजवंश के राजा सोमचंद द्वारा निर्मित इस प्राचीन एवं ऐतिहासिक किले को राज्य सरकार एक भव्य पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने जा रही है, जिसका उद्देश्य स्थानीय संस्कृति और इतिहास को विश्व पटल पर पहचान दिलाना है।'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में इस पूरी योजना की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 4.91 करोड़ रुपये (4,91,30,305 रुपये) तय की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत प्राचीन किले के मूल स्वरूप का संरक्षण एवं पुनरुद्धार करते हुए यहां आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा।



इस मास्टर प्लान के तहत परिसर में चंपावत और कुमाऊं के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करने वाला एक पुरातात्विक संग्रहालय, एक आर्ट एवं एग्जीबिशन गैलरी, ओपन-एयर एम्फीथिएटर, कैफे, टिकट काउंटर, सार्वजनिक सुविधाएं तथा सुंदर लैंडस्केप एवं वॉकवे पथ का निर्माण किया जाएगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों को पूरी गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की इस पहल से न केवल कुमाऊं क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को भारी बढ़ावा मिलेगा। इस नए पर्यटन केंद्र के विकसित होने से स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा चंपावत शहर की अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।



जीवन सिंह

संपादकीय

साइबर सुरक्षा में सेंध

ताजा घटनाएं न केवल संबंधित संस्थाओं की लापरवाही का संकेत हैं, बल्कि यह भी बताती हैं कि डिजिटल कारोबार के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा के मानकों को मजबूत करने के पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैँ।साइबर सुरक्षा से जुड़ी दो गंभीर घटनाओं ने उचित ही भारत में चिंता बढ़ा दी है। जब देश के सबसे बड़े बैंक (भारतीय स्टेट बैंक) के ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक हो जाए, और दूसरी ओर बेंगलुरु की प्रमाणन कंपनी ई-मुद्रा के जारी डिजिटल प्रमाणपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी उजागर हो, उसे साधारण मामला नहीं माना जा सकता। दरअसल, ये घटनाएं न केवल संबंधित संस्थाओं की लापरवाही का संकेत हैं, बल्कि यह भी बताती हैं कि डिजिटल कारोबार के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा के मानकों को मजबूत करने के पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैँ। एसबीआई का डेटा लीक बैंक के ग्राहकों के भरोसे पर सीधा प्रहार है। बैंक ने 3,897 ग्राहकों के रिकॉर्ड डार्क वेब पर पाए जाने की पुष्टि की है, जिनमें नाम, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि और पते जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल हैं।आपत्तिजनक यह है कि बैंक को इस संबंध में 16 अक्टूबर को जानकारी मिली, जिसके पांच दिन बाद उसने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी, जबकि प्रभावित ग्राहकों को तब तक कोई संदेश नहीं भेजा गया। यह बताता है कि कैसे आज संस्थाएं निवेशकों के हितों को तो प्राथमिकता देती हैं, लेकिन आम उपभोक्ता की सुरक्षा और सूचना के अधिकार को गंभीरता से नहीं लेतीं। दूसरी घटना तकनीकी दृष्टि से और भी गंभीर है। ई-मुद्रा के आठ डिजिटल प्रमाणपत्रों की निजी कुंजियां इतनी कमजोर थीं।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईसीआईएल के इंजीनियरों ने की मशीनों की तकनीकी जांच'



द पब्लिक मैटर ब्यूरो

आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 की तैयारियों के दृष्टिगत जनपद चम्पावत में ईवीएम एवं वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य जारी है। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड के निर्देशों के अनुपालन में दूसरे दिन की जांच मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

कलक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) के अधिकृत इंजीनियरों ने मशीनों की तकनीकी जांच की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी श्री के.एन. गोस्वामी की देखरेख में जांच प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की गई।

निर्वाचन की तैयारियों के इस महत्वपूर्ण चरण में मशीनों की तकनीकी स्थिति एवं कार्यप्रणाली की जांच की जा रही है। प्रक्रिया में पारदर्शिता और राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जांच कार्य कराया जा रहा है।जिला निर्वाचन प्रशासन ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आगामी दिनों में भी अपने अधिकृत प्रतिनिधियों की नियमित सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है, ताकि उनकी उपस्थिति में एफएलसी का कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी से श्री रोहित बिष्ट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से

श्याम सिंह कार्की तथा बहुजन समाज पार्टी से अजय उपस्थित रहे। साथ ही नोडल अधिकारी ईवीएम विमल कुमार सूंठा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एस. अधिकारी, तहसीलदार बृजमोहन आर्या, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य विनय शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रमिक परिवारों के कल्याण की दिशा में सार्थक पहल, ध्वालखेड़ा में 702 पंजीकृत निर्माण श्रमिक लाभान्वित'

'शिविर में २४९७ शिक्षण, पोषण एवं स्वच्छता किट वितरित, बच्चों की पढ़ाई और परिवारों की दैनिक जरूरतों को मिला संबल'

.द पब्लिक मैटर ब्यूरो

मुख्यमंत्री के निर्देशों एवं जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में आयोजित शिविर से ध्वालखेड़ा एवं नायकगोठ के श्रमिकों को मिला लाभ'

माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार के आदेशों के क्रम में निर्माण श्रमिकों तथा उनके परिवारों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को पंचायत भवन ध्वालखेड़ा में सामग्री वितरण शिविर आयोजित किया गया। स्थानीय सम्मानित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित शिविर में न्याय पंचायत मोहनपुर के ग्राम ध्वालखेड़ा एवं नायकगोठ के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित किया गया।



शिविर के दौरान उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कुल 702 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को लाभान्वित करते हुए 2497 किट वितरित की गईं। इनमें 1093 शिक्षण किट, 702 पोषण किट एवं 702 स्वच्छता किट शामिल हैं। एक ही स्थान पर सामग्री उपलब्ध होने से दोनों गांवों के श्रमिक परिवारों को सुविधाजनक रूप से योजना का लाभ प्राप्त हुआ।निर्माण श्रमिकों के परिवारों के लिए यह सहायता बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं स्वच्छता से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में उपयोगी साबित होगी। शिक्षण किट बच्चों की पढ़ाई में सहायक होंगी तथा अभिभावकों पर शिक्षण सामग्री की व्यवस्था का आर्थिक भार कम करने में मदद करेंगी। इससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा।इसी प्रकार पोषण किट परिवारों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं में सहयोग देंगी। स्वच्छता किट व्यक्तिगत एवं पारिवारिक साफ-सफाई को बढ़ावा देने तथा दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने में सहायक होंगी।

शासन ने स्वीकृत किए 30 लाख रुपये, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को मिलेगा प्रोत्साहन'

'शासन ने स्वीकृत किए ३० लाख रुपये, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को मिलेगा प्रोत्साहन'



द पब्लिक मैटर ब्यूरो

'श्रद्धालुओं' के लिए अधिक सुविधाजनक बनेगा मेला स्थल, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश'

. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनपद के धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को संवारने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री घोषणा संख्याख 198/2026 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र चम्पावत की ग्राम पंचायत दुधौरी स्थित भगवती मेला स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए शासन ने 30 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

भगवती मेला स्थल स्थानीय लोगों की आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। इसके सौन्दर्यीकरण से परिसर को अधिक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के साथ ही मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर परिवेश उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। यह पहल क्षेत्र की धार्मिक पहचान और लोक संस्कृति को सहेजने की दिशा में भी महत्वपूर्ण होगी।

परियोजना के लिए जनपद स्तरीय तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) द्वारा 58.67 लाख रुपये के आगणन की संस्तुति की गई थी। इसके सापेक्ष शासन ने चालू वित्तीय वर्ष में 30 लाख रुपये स्वीकृत करते हुए ध नराशि जिलाधिकारी चम्पावत के निवर्तन पर रखी है। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर स्वीकृत ध नराशि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराई जाएगी।शासन ने कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व विस्तृत आगणन एवं मानचित्र पर सक्षम अधिकारी से प्राविधि क स्वीकृति प्राप्त करने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्थल पर स्थायी सूचना बोर्ड लगाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री घोषणा संख्या, स्वीकृत कार्य का नाम एवं लागत, कार्य प्रारम्भ और पूर्ण होने की तिथि तथा कार्यदायी संस्था सहित आवश्यक विवरण अंकित होंगे। स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित मदों एवं वित्तीय नियमों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की त्वरित सहायता नीति के तहत लोहाघाट तहसील में भू-स्खलन से मृत महिला के आश्रित को चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान वितरित'



द पब्लिक मैटर ब्यूरो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आपदा पीड़ितों तक त्वरित आर्थिक सहायता और राहत पहुंचाने की नीति के अनुपालन में जिला प्रशासन चम्पावत द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई है।

जिलाधिकारीमनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी लोहाघाट श्रीमती नीतू डागर के मार्गदर्शन में तहसील लोहाघाट अंतर्गत एक हृदयविदारक प्राकृतिक आपदा की घटना में मृतका के परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार, दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को तहसील लोहाघाट के अंतर्गत ग्राम मटियानी (परगना क्षेत्र ढुंगराबोरा) निवासी श्रीमती सावित्री देवी (उम्र 49 वर्ष, पत्नी केशव सिंह) रोजाना की तरह ग्राम की अन्य महिलाओं के साथ अपने पालतू जानवरों के लिए घास काटने ग्राम मटियानी के तोक खुलमारी स्थित जंगल में गई थीं। घास काटने के दौरान प्रातः लगभग नौ बजे अचानक पहाड़ी की ओर से हुए भू-स्खलन के कारण गिरे भारी पत्थरों की चपेट में आने से मृतका पत्थरों के साथ लगभग 800 मीटर नीचे खाई की ओर जा गिरीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईंघटना के तुरंत बाद ग्रामवासियों के अभूतपूर्व सहयोग से मृतका श्रीमती सावित्री देवी को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद हादसे के उपरांत नियमित पुलिस थाना लोहाघाट द्वारा नियमानुसार पंचायतनामे की कार्यवाही पूरी की गई, जिसके बाद उप जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों के दल द्वारा मृतका का पोस्टमार्टम किया गया।मृतका श्रीमती सावित्री देवी की पंचायतनामा रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा क्षेत्रीय राजस्व उपनिरीक्षक/निरीक्षक की विस्तृत जांच आख्या के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि उनकी मृत्यु प्राकृतिक आपदा के कारण हुई है।

आदर्श चम्पावत के संकल्प को साकार करने की दिशा में पहल, 'टी गार्डन एक्सपीरियंस' से पर्यटन को मिलेगा नया आयाम'

'चाय बागानों की प्राकृतिक सुंदरता बनेगी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, स्थानीय रोजगार की संभावनाओं को मिलेगा विस्तार'

द पब्लिक मैटर ब्यूरो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'आदर्श चम्पावत' के संकल्प के अनुरूप जनपद में पर्यटन विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की 'स्वदेश दर्शन 2.0' योजना के अंतर्गत चम्पावत में 'टी गार्डन एक्सपीरियंस' परियोजना स्वीकृत की गई है। परियोजना के माध्यम से चाय बागानों को पर्यटन से जोड़ते हुए जनपद की विशिष्ट पहचान को और मजबूत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य चम्पावत के चाय बागानों की प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटकों को परिचित कराना तथा पर्यटन सुविधाओं का विकास करना है। परियोजना के प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिए कुमाऊँ मंडल विकास निगम द्वारा निविदा जारी की गई है।

चाय बागान आधारित पर्यटन विकसित होने से स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावनाएं बढ़ेंगी। होमस्टे, स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प और पर्यटक सेवाओं से जुड़े लोगों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री की जनपद को पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाने की परिकल्पना के अनुरूप यह परियोजना प्रकृति, स्थानीय संस्कृति और आजीविका को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इससे चम्पावत को एक आकर्षक एवं सतत पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के प्रयासों को गति मिलेगी।



विधानसभा निर्वाचन 2027 की तैयारियों के तहत ईवीएम एवं वीवीपीएटी की प्रथम दिवस की एफएलसी सम्पन्न'

'राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई तकनीकी जांच, नामित अधिकारियों ने ईवीएम भंडारण व्यवस्था को सराहा'



द पब्लिक मैटर ब्यूरो

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड के निर्देशों के अनुपालन में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचनख2027 की तैयारियों के दृष्टिगत जनपद चम्पावत में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) एवं वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के प्रथम दिवस का कार्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कलक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) के अधिकृत इंजीनियरों ने मशीनों की तकनीकी जांच की। जांच कार्य के पर्यवेक्षण हेतु नामित संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी ईवीएम, छत्तीसगढ़ पी. एस. ध्रुव तथा सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी ईवीएम, राजस्थान नरेंद्र कुमार मीणा ने प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने वेयरहाउस की भंडारण व्यवस्था को उत्तम बताते हुए व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की सराहना की।इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती रेखा यादव ने भी ईवीएम एवं वीवीपीएटी वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने ईवीएम में तैनात सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

द पब्लिक मैटर

स्वामी, प्रकाशक जीवन सिंह द्वारा मुद्रक योगेश कुमार, विशाल दर्पण प्रेस 50/51, नारी शिल्प मदिंर मार्ग, चकराता रोड देहरादून, उत्तराखंड -248001 से मुद्रित तथा मकान नंबर 93, जिला पंचायत गेट, पिथौरागढ़ रोड, कर्नाटक अस्पताल के पास, चंपावत, उत्तराखंड - 262523 से प्रकाशित। PRGI No.UAHIN/26/A5401

संपादक : जीवन सिंह -7500344495/ Email: jeewanbisht888@gmail.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी है। समस्त विवाद चंपावत न्यायालय के अधीन होंगे।
"इस प्रकाशन की सामग्री के संबंध में समस्त उत्तरदायित्व प्रकाशक एवं संपादक का होगा। प्रिंटिंग प्रेस केवल मुद्रण सेवा प्रदाता है।"